CG Board Class 8 Social Science Solutions



CG Board Class 8 SST 2 Solutions
Chapter 5
उद्योग

अभ्यास-

Page no.- 59

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

Page no.- 59

(i) 'उद्योग' शब्द का क्या तात्पर्य है?
उत्तर - उद्योग शब्द अपने आप में उन सभी गतिविधियों को शामिल करता है जिसमे किसी कच्चे माल को प्रयोग के लायक बनाने के लिए जो आर्थिक व्यावसायिक गतिविधियां की जाती है उसे उद्योग कहते है।

Page no.- 59

(ii) वे कौन-से मुख्य तथ्य हैं जो उद्योग की अवस्थिति को प्रभावित करते हैं?
उत्तर - उद्योग को चलाने व स्थापित करने तथा बाजार तक पहुंचाने में जो क्रियाकलाप होते है जैसे -पूंजी की व्यवस्था ,स्थान का चयन, कच्चे माल ,श्रम शक्ति ,जल ,विद्युत ,परिवहन संचार ,बाजार उपभोक्ता यह सभी साधन जहां आसानी से उपलब्ध हो यही कारक उद्योग को अवस्थिति को प्रभावित करते है।

Page no.- 59

(iii) कौन-सा उद्योग प्रायः आधुनिक उद्योग का मेरुदंड कहा जाता है और क्यों?
उत्तर - हम जानते है की औद्योगिक क्रांति की शुरुवात तभी हुयी जब लोहा के उत्तम व परीकृत इस्पात के रूप में खोज हुयी इस्पात के बिना किसी उद्योग को स्थापित नहीं किया जा सकता है। सभी मशीने रेलगाड़ी तथा औजार सब इस्पात से ही तैयार किये जाते है व्यसायिक गतिविधियों का संचालित करने के लिए व्यावसायिक बिल्डिंग आदि में भी लोहे की छडो व राडो का प्रयोग कर बड़ी -बड़ी बिल्डिंग बनायीं जाती है इसी लिए उत्तम जंग रोधी इस्पात आने से उद्योग आधुनिक उद्योग में क्रांति हुयी और इस्पात को उद्योगों का मेरुदंड कहा जाता है।

Page no.- 59

(iv) कपास उद्योग मुंबई में तेजी विकसित हुआ है?
उत्तर - कपास सूती कपड़े निर्माण के लिए प्रमुख कच्चा माल है मुंबई की जलवायु तथा श्रम की उपलब्धता तथा मशीनों तथा आयात निर्यात की दृष्टि से बंदरगाहों का होना मुंबई में इस उद्योग के लिए सहायक रहा जिसके कारण तेजी से मुम्बई क्षेत्र में यह उद्योग क्षेत्र विकसित हुआ।

schools.aglasem.com

aglasem.com

Page no.- 59

2. सही उत्तर चिह्नित कीजिए

(i) फोर्ट गैलेस्टर अवस्थित है**-**
(क**)** पश्चिम बंगाल में
(ख**)** कैलिफोर्निया में
(ग**)** गुजरात में
उत्तर - कैलिफोर्निया में

(ii) निम्न में से कौन-सा प्राकृतिक रेशा है**?**
(क**)** नायलॉन
(ख**)** जूट
(ग**)** एक्रिलिक
उत्तर - जूट

Page no.- 59

3. अंतर स्पष्ट कीजिए**-**
(i) कृषि आधारित और खनिज आधारित उद्योग
उत्तर **-**

कृषि आधारित	खनिज आधारित
कृषि आधारित उद्योग ज्यादातर खाद्य पदार्थों को खाने लायक ,बनाने में किया जाता है। यह उद्योग देश के सभी हिस्सों में पाया जाता है इसमें खाद्य प्रसंस्करण तथा जीव जंतु आधारित उद्योग डेयरी फार्म उद्योग तथा अनाज तेल दालों से बने सामान होते है।	खनिज उद्योग में प्रमुख कच्चा माल खदानों से प्राप्त किया जाता है उस कच्चे माल को परिष्कृत कर इस्तेमाल योग्य बनाया जाता है यह उद्योग कुछ विशेष भागों में ही होते है इसमें बहुत धन व श्रम की आवश्यकता होती है जैसे भवन सामग्री भारी मशीनें व हथियार तथा परिवहन के साधन इत्यादि है।

Page no.- 59

(ii) सार्वजनिक क्षेत्र और संयुक्त क्षेत्र के उद्योग
उत्तर **-**

सार्वजनिक क्षेत्र	संयुक्त क्षेत्र
सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का संचालन सरकार द्वारा किया जाता है इसमें सरकार द्वारा उद्योग लगाना चलाना तथा उसकी देख	संयुक्त उद्योग का संचालन व्यक्तियों या कंपनी व सरकार के द्वारा सामूहिक रूप से किया जाता है इसमें दोनों के तरह के लोग होते है इसमें कंपनी

schools.aglasem.com
aglasem.com

भाल तथा हिसाब किताब रखा जाता है कर्मचारी व श्रमिक आदि सरकारी कर्मचारी ही होते है।	सरकार दोनों का संयुक्त सहयोग होता है अर्ध सरकारी संख्या भी कह सकते है।

Page no.- 59

4. दिए गए स्थानों में निम्नलिखित के दो-दो उदाहरण दीजिए–
(i) कच्चा माल: ____________ और ___________
उत्तर - कपास और जूट

(ii) अंतिम उत्पाद: ___________ और __________
उत्तर - कपड़ा और मशीन

(iii) तृतीयक क्रियाकलाप: __________ और __________
उत्तर - परिवहन और संचार

(iv) कृषि आधारित उद्योग: __________ और __________
उत्तर - डेयरी और विस्कुट

(v) कुटीर उद्योग : ___________ और ___________
उत्तर - हथकरघा और टोकरी बुनाई

(vi) सहकारिता : ____________ और ___________
उत्तर - आनद मिल्क और सुधा डेयरी

aglasem.com

schools.aglasem.com

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com

aglasem.com